सभी चीजें डिजिटल

डिजिटल कन्वर्जेंस

जब आप **G4T Connect** का उपयोग करने के लिए ऑनलाइन गए थे, तो आप प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) का उपयोग कर रहे थे।

लेकिन बहरहाल प्रौद्योगिकी क्या है?

नीचे दी गई छवियों पर एक नज़र डालें। उनमें से कौन-सी प्रौद्योगिकी है?

खुशखबरी! कोई विकल्प गलत नहीं है, वे सभी प्रौद्योगिकी हैं!

उपरोक्त प्रौद्योगिकीयां हमें संगीत सुनने, तस्वीरें लेने या भुगतान करने में मदद करती हैं।

लेकिन प्रौद्योगिकी हमेशा बदलती रहती है।

तस्वीरों को फिर से देखिए। अब उन्हें सबसे पुरानी से लेकर सबसे नई, या प्रौद्योगिकीय रूप से सबसे कम उन्नत से लेकर प्रौद्योगिकीय रूप से सबसे अधिक उन्नत के क्रम में रखने के लिए नीचे दिए गए चार्ट का उपयोग करें।

और यहाँ एक संकेत है! आपको एक वस्तु की तीन बार उपयोग करने की आवश्यकता होगी!

प्रौद्योगिकी

उपयोगी चीज़ों का आविष्कार करने या समस्याओं का समाधान करने के लिए विज्ञान का उपयोग करना

प्रौद्योगिकी	सबसे कम उन्नत → → → सबसे अधिक उन्नत			
संगीत सुनने के लिए	_____	_____	_____	_____
भुगतान करने के लिए	_____	_____	_____	_____
फोटो खीचनें के लिए	_____	_____	_____	_____

© 2020 Mastercard All rights reserved.

सभी चीजें डिजिटल

डिजिटल कन्वर्जेंस

आपने कैसे किया?

संगीत प्रौद्योगिकियां, रिकॉर्ड → कैसेट टेप → सीडी → स्मार्ट फोन, के क्रम में विकसित हुईं।

फोटो प्रौद्योगिकियां, ट्राइपॉड → ३५ मि.मी. कैमरा → डिजिटल कैमरा → स्मार्ट फोन, के क्रम में विकसित हुईं।

भुगतान प्रौद्योगिकियां, नकदी → चेक → क्रेडिट कार्ड → स्मार्ट फोन, के क्रम में विकसित हुईं।

तो ये परिवर्तन क्यों हुए? शब्द नवाचार (इनोवेशन) है।

इनोवेशंस से प्रौद्योगिकी बेहतर, अधिक तेज़ी से या बस और अधिक आसानी से कार्य कर सकती हैं।

लेकिन एक मिनट रुकिए। आपने स्मार्ट फोन को तीन बार सूचीबद्ध क्यों किया? क्योंकि स्मार्ट फोन हमें संगीत सुनने, फोटो खीचनें और भुगतान करने में मदद करते है।

इनोवेशन

एक ऐसा नया विचार, प्रक्रिया या उपकरण जो लोगों के जीवन में उपयोगिता लाता है



वास्तव में, यह इससे भी अधिक कर सकता है।

इनोवेशंस इन सभी कार्यों का एक डिजिटल उपकरण में प्रस्तुत होना या एक साथ आना संभव बनाते हैं।

हम इसे डिजिटल कन्वर्जेंस कहते हैं।

आप किसी स्मार्ट फोन से कितनी भिन्न चीजें कर सकते हैं? उन्हें यहाँ सूचीबद्ध करें।

© 2020 Mastercard All rights reserved.

सभी चीजें डिजिटल

बॉयोमेट्रिक्स

डिजिटल प्रौद्योगिकी से आप अपने फोन पर सभी तरह की चीजें कर सकते हैं, जिसमें चीजों के लिए भुगतान भी शामिल हैं।

लेकिन यह महत्त्वपूर्ण है कि केवल आप ही ऐसा करने में सक्षम हैं।

आपको प्रमाणित करने का कोई तरीका होना चाहिए - जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि आप, आप ही हैं!

आपके बारे में ऐसी कौन सी चीजें हैं जो केवल आपके लिए अनोखी हैं?

उन्हें यहाँ लिखें या खींचे (ड्रा करें)।

अगर आपने कहा, आपका फिंगरप्रिंट, आप सही हैं!



इसे बायोमेट्रिक्स कहा जाता है।

फिंगरप्रिंट डेटा पॉइंट्स का सेट बन जाता है।

यह बाइनरी कोड में डिजिटाइज़ हो जाता है, जो एक प्रकार के पासवर्ड में परिवर्तित हो जाता है।

आपके चेहरे की माप-सेल्फी-का भी उपयोग किया जा सकता है।



आपकी अद्वितीय जानकारी को डिजिटाइज़ किया जाता है और इसका यह प्रमाणित करने के लिए उपयोग किया जाता है कि आप, आप ही हैं!

भविष्य में आप किन डिजिटल प्रौद्योगिकियों में बदलाव करेंगे?

आप एक Girls4Tech डिज़ाइन इंजीनियर हैं!

प्रमाणित करना

किसी चीज़ का सत्य या वास्तविक होना सिद्ध करना या किसी उपयोगकर्ता की पहचान को सत्यापित करना

बायोमेट्रिक्स

अद्वितीय विशेषताओं का नाप, विशेष रूप से व्यक्तिगत पहचान करने के लिए

© 2020 Mastercard All rights reserved.

उपलब्धि का प्रमाणपत्र

बधाई हो!

आप प्रमाणित

girls4tech

डिज़ाइन इंजीनियर हैं।

Ajay Banga
CEO, Mastercard

Susan Warner
Founder, Girls4Tech